

# गांव-गांव पहुंच रहे कृषि रथ, किसानों को मिल रही नवीन कृषि तकनीक की जानकारी

## कृषि कल्याण वर्ष 2026 के तहत रूटचार्ट अनुसार विकास खंडों में भ्रमण, मूंग के स्थान पर मूंगफली व उड़द की सलाह

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 6 फरवरी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026 को कृषि कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसके तहत जिले के सभी विकास खण्डों में कृषि रथ निर्धारित रूटचार्ट अनुसार गांव-गांव भ्रमण कर रहे हैं।

कृषि रथ प्रतिदिन प्रत्येक विकास खण्ड की तीन ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों को कृषि विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित कर रहे हैं।




इसी क्रम में आज विकास खण्ड बदरवास के ग्राम मथना में आयोजित कृषि रथ कार्यक्रम में कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि पान सिंह करौरिया ने उपस्थित किसान भाइयों को रबी सीजन की फसलों की नवीन तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही जायद फसलों के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया।

कार्यक्रम में किसानों को मूंग के स्थान पर मूंगफली एवं उड़द फसल लगाने की सलाह दी गई। वर्तमान में बारिश एवं ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान की भरपाई हेतु फसल बीमा योजना का लाभ लेने एवं टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल करने के लिए प्रेरित किया गया। रबी फसल कटाई के बाद नरवाई/पराली न जलाने, उससे होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नरवाई प्रबंधन हेतु सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, बेलर, स्ट्रॉ रिपर जैसे कृषि यंत्रों के उपयोग की सलाह दी गई। इस अवसर पर ग्राम मथना के सरपंच सुरेश सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य अवधेश सिंह की विशेष उपस्थिति रही। विकास खण्ड स्तर पर कृषि रथों के भ्रमण के दौरान शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# कोलारस वनपरी क्षेत्र में हुआ चरवाहा सम्मेलन

**अशोक चौबे**
**कोलारस 6 फरवरी।** विगत दिवस कोलारस वन परिक्षेत्र कैंपस में वन विभाग के जिला अधिकारी एवं रेंजर गोपाल जाटव के मार्गदर्शन में चरवाहा सम्मेलन का आयोजन किया गया। चरवाह् सम्मेलन करने का उद्देश्य यह था कि वन विभाग के कर्मचारी एवं चरवाहे आपस में मेल मिलाप से जंगल को बचाएं जंगल को काटने ना दें अतिक्रमण न होने दें आपसी सामंजस बनाएं एक दूसरे को सूचना प्राप्त करें जिससे जंगल कटने एवं अतिक्रमण से बच सके। वैसे तो विभाग की पहरेदार अपने जंगल को बचाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं । समय-समय पर भूमाफियाओं को वन भूमि से बेदखल करने की कार्रवाई भी देखने को रेंजर गोपाल जाटव के कार्यकाल में मिल रही है। रेंजर जाटव के कार्यकाल में लगभग 20 साल पुराने अतिक्रमण को रेंजर ने अपनी सूझबूझ से लगभग 300 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। शासन की मंशा है कि चरवाहे से सामंजस बिठाकर जंगल को और भी अच्छा एवं सुंदर बनाया जा सकता है जिससे पर्यावरण को बढ़ावा मिल सके इस मौके पर विभाग के आला अधिकारी एवं बदरवास रेंजर सहित पूरा वन हमला मौजूद रहे उपस्थित चरवाहों को भोजन प्रसादी के साथ-साथ एक ठंडे पानी की बोतल भी गिफ्ट दी गई जिससे जंगल में शीतल जल पी सके।







# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

**नवभारत न्यूज**
**दिनारा 6 फरवरी।** दिनारा करैरा विधानसभा के अंतर्गत दिनारा उप स्वास्थ्य केंद्र पर रीजनल रोटरी क्लब शिवपुरी के तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर लगा। ज्योतिरादित्य सिंधिया परंपरा को आगे बढ़ा रहे है और दीन दुखियों की मदद करते हुए उन्हीं के मार्गदर्शन में दिनारा उप स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सुबह प्रातः काल 10:00 से 3:00 तक बराबर समिति के सदस्यों द्वारा सभी रोगियों का आधार कार्ड लेकर पंजीयन कर रोगियों का नाम एवं पता रजिस्टर में दर्ज कर योग्य अनुभवी डॉक्टर्स विशेषज्ञों की टीम ने बारी-बारी से एक-एक करके सभी युवा ,वृद्ध, माता ,बहने ,बच्चे सभी के शारीरिक परीक्षण एवं जांच कर दवा उपलब्ध कराई एवं जो रोगी गंभीर लंबी बीमारी से परेशान है उनका पर्चा बनाकर उन्हें शिवपुरी आने के आने के लिए कहा गया श्रीमंत माधवराव सिंधिया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर समिति द्वारा 507 रोगियों का पंजीयन किया गया जिसमें 233 महिलाएं 274 पुरुष शामिल थे जिनका शारीरिक स्वास्थ्य जांच परीक्षण किया गया और इन्हीं में से 97 रोगी शिवपुरी के लिए रेफर किए गए इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टर विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं परीक्षण कर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आकर मरीजों से वार्तालाप कर संबंधित रोग के विषय में जानकारी प्रदान कर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दी गई दवाए समय पर खाने की सलाह मरीजों को प्रदान की गई थी।

## ग्राम बीजरी में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**कोलारस 6 फरवरी।** कोलारस अनुविभाग के ग्राम बीजरी में जयपुरिया परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरा कथा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे भजनों और जयकारों से गूंज उठा,कथा व्यास पूज्य केशव आचार्यजी ने श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव की कथा का अत्यंत भावपूर्ण एवं विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अवतरण के आध्यात्मिक, सामाजिक और नैतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्रीकृष्ण का जीवन मानवता को प्रेम, धर्म और कर्तव्य का संदेश देता है। कथा श्रवण के दौरान श्रोता भावविभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए इस अवसर पर कथा श्रवण हेतु विशेष रूप से पधारे भाजपा जिला महामंत्री योगेंद्र रघुवंशी (बंटी भैया) एवं अजय प्रताप दांगी का जयपुरिया परिवार द्वारा माला पहनाकर आत्मीय स्वागत किया गया।

# कर्नल ढिल्लन की 20वीं पुण्यतिथि मनाई गई

## जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 6 फरवरी।** प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पद्मभूषण स्व. कर्नल जी.एस.ढिल्लन की 20वीं पुण्यतिथि तहसील शिवपुरी के ग्राम हातोद में मनाई गई। पूर्व विधायक प्रहलाद भारती, सीआरपीएफ के आईजीपी गुरशक्ति सिंह, आईटीबीपी के डीआईजी रोशन लाल ठाकुर, कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

उनके समाधि स्थल हातोद में हर साल की तरह इस बार भी मेला लगा। लोगों ने अमर शहीद को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनकी शहादत को याद किया। इसके बाद समाधि स्थल पर पहुंची मशाल यात्रा को समाधि स्थल पर रखा गया। पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने उन्हें याद करते हुए कहा कि हम उनके जीवन काल से प्रेरणा मिलती है।

कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन की पुत्री अमृता मेहरोत्रा ने जो कि पेशे से एक वरिष्ठ चिकित्सक हैं। ग्वालियर मेडिकल कॉलेज की डीन के रूप में उन्होंने कई वर्षों तक काम किया है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए गुरबख्श सिंह ढिल्लन के बारे में बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने जीवन में कई संघर्ष किए लेकिन वह हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए आगे बढ़े। उनके जीवन से हमें यही प्रेरणा मिलती है कि हर घड़ी का डटकर सामना करना चाहिए।

इसके साथ ही कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लन के पुत्र सर्वजीत ढिल्लन ने भी अपने विचार व्यक्त कर उनकी शहादत को याद किया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम, एनसीसी इंडियन आर्मी कर्नल विजयवीर सिंह दाहिया, आईटीबीपी कर्नल बलजीत सिंह, कर्नल राजेश चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौर, आईटीबीपी अधिकारी कालूराम मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज, उपायुक्त विकास एवं सीईओ जनपद शिवपुरी ब्रह्मेन्द्र गुप्ता, एसडीएम आनंद राजावत, आईटीबीपी अधिकारी भूपेन्द्र सिंह एवं कुलवंत सिंह, सीआरपीएफ अधिकारी संजीव जोशी, विनोद कुमार, यशपाल रावत, भूपेंद्र रावत, सहित पुलिस, अन्य अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्रायें, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक और कर्नल ढिल्लन के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मिश्रा एवं नितिन शर्मा द्वारा किया गया।

# रन्नौद वाहन चेकिंग विवाद में बड़ी कार्रवाई, दो आरक्षक लाइन अटैच

**शिवपुरी 6 फरवरी।** थाना रन्नौद क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान हुए विवाद के मामले में पुलिस अधीक्षक शिवपुरी ने कार्रवाई की है। दिनांक 31 जनवरी 2026 को वाहन चेकिंग के दौरान आरक्षक 966 अवधेश शर्मा एवं आरक्षक 584 गोरे जादौन का नीलेश जाटव एवं अन्य व्यक्तियों से विवाद हो गया था। इस घटना में दूसरे पक्ष द्वारा पुलिस स्टाफ पर मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उक्त घटनाक्रम की जांच अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग करैरा द्वारा की जा रही है। जांच पूर्ण होने तक पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन लिह राठौड़ द्वारा दोनों आरक्षकों को तत्काल प्रभाव से थाना रन्नौद से हटाकर अस्थाई रूप से पुलिस लाइन शिवपुरी में अटैच किया गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


## पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, जिला ग्वालियर (म.प्र.)

दूरभाष - 0751 - 2445200 फैक्स 0751-2445210
Email.ID-Sp_gwalior@mppolice.gov.in
क्र./पुअ/ग्वा/रनि / 17 /26 दिनांक-03/02/26

## ई - निविदा आमंत्रण सूचना

01 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा इकाई में लघु निर्माण कार्य हेतु कुल 03 कार्य कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025 -26 मे मांग सख्या 003 - 2055-पुलिस 00-109-9999-4491 सामान्य व्यय (जिला स्थापना) - 32 - 000 लघु निर्माण मद के अंतर्गत स्वीकृत 03 कार्यों को मय सामग्री लेवर चार्ज सहित कराने के लिये आवश्यक जानकारी एवं टेण्डर फार्म इच्छुक निविदाकारों के लिये निविदा शुल्क रुपये 1000/- (एक हजार रुपये मात्र) अधोहस्ताक्षर के पक्ष मे ऑनलाईन जमा कर विज्ञापन जारी होने के लिये दिनांक से 05/02/26 समय 10:00 बजे से प्राप्त किया जा सकता है।
02. निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर भी उपलब्ध है।
03. निविदा प्रकाशन दिनांक 04/02/26 के समय 17:00 बजे से है।
04. ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 05/02/26 के 10.00 बजे से है।
05. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11/02/26 के 17:00 बजे तक है।
06. निविदा खोलने की दिनांक 13/02/26 को समय 12:00 बजे से कार्यालय रक्षित निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय ग्वालियर में खोली जायेगी। निविदायें खोलने के अवसर पर निविदा कार अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, इसी दिन टेक्नीकल कमेटी फर्मों से प्राप्त दस्तावेजो का भी परीक्षण करेगी।

G-25394/25

पुलिस अधीक्षक
जिला ग्वालियर


# खेलों के आयोजन से आपसी समन्वय कायम रहता है : प्रहलाद भारती

**शिवपुरी 6 फरवरी।** ग्राम ऐनपुरा में आयोजित हनुमान क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती उपस्थित रहे।



टूर्नामेंट के अंतिम मुकाबले में हनुमान क्लब और हरियाखेड़ी 11 के बीच टॉस कराया गया, जिसमें हनुमान क्लब ने बल्लेबाजी और हरियाखेड़ी 11 ने गेंदबाजी की। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। समापन समारोह में आयोजन समिति के पदाधिकारी संतोष वर्मा, सुनील धाकड़, सतेंद्र धाकड़, बबलेश धाकड़, अवधेश वर्मा, चंचल धाकड़, भानू कुशवाह, गोलू चंदेल, सिद्धम वर्मा सहित अन्य सदस्यों ने फूलमालाएं पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रहलाद भारती ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी खिलाड़ी को हार या जीत से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि दोनों से सीख लेकर चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से उबरते हुए और अधिक सशक्त होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों के आयोजन से आपसी समन्वय, भाईचारा और अनुशासन की भावना मजबूत होती है। फाइनल मुकाबले में हनुमान क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता एवं उपविजेता टीमों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऐनपुरा आश्रम वाले महाराज जी, लक्ष्मीराम नेताजी, उम्मेद धाकड़, महेश धाकड़ (पूर्व सरपंच), नरेश धाकड़, कपिल धाकड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित रहे।


CENTRUM Home Loans
Aao milkar ghar banaye

कॉर्पोरेट एवं नोंदणीकृत कार्यालय, यूनिट क्र.८०१, सेंट्रम हाउस, सीएसटी रोड, विद्यानगरी मार्ग, कालीना, सांताक्रुज (पूर्व), मुंबई ४०००९८.
CIN No. U65922MH2016PLC273826

**शुद्धिपत्रक**

कृपया कर्जदार **GWLDB23012900-मुकेश पुरी** के संदर्भ में इस समाचार पत्र में **दिनांक** ०५.०२.२०२६ को प्रकाशित मांग सूचना का संदर्भ लें। इस सूचना में प्रथम पैराग्राफ इस प्रकार पढ़ा जाये.
अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, २००२ ( उक्त अधिनियम) के अधीन सेंट्रम हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा १३ (१२) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियमावली, २००२ के नियम ३ के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा १३(२) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार (रों) (उक्त कर्जदार) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी।

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी



## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0 : JHS-N-W-08-26 | दिनांक : 05.02.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-N-W-08-26 | कार्य लागत लगभग : Rs. 27796798.73

कार्य का नाम : प्रोविजन ऑफ़ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ रीबिल्डिंग ऑफ़ एक्सिस्टिंग ओवरएज्ड स्टील गर्डर ब्रिजस ऑफ़ क्लियर span 12.2M by PSC स्लैब ऑफ़ ब्रिजस इन BINA-DHO सेक्शन ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

धरोहर राशि : Rs. 289000/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : Nil.
निविदा खुलने की तिथि : 06.03.2026 Time 15:00
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि : 12 माह

• निविदा दिनॉक 06.03.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 275/26 (AS)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग संभाग, क्र. 2 इंदौर

E-mail ID:- eepwd2ind@mp.nic.in Phone No 0731-2490964

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.: 23/व.ले.लि./2025-26 इन्दौर दिनांक 30.01.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू.) | निविदा प्रपत्र की राशि | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWD RB _479273_1 | हासाखेडी से बडोदापंथ मार्ग लम्बाई 3.00 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित। | इंदौर | 449.44 | 449440/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWD RB _479274_1 | पुवादादायी से हनुमान मंदिर सांवेर क्षिप्रा रोड लम्बाई 4.20 किमी. का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित। | इंदौर | 445.10 | 445100/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2026_PWD RB _479275_1 | कांकडिया बोडिया से सगवाल रोड लम्बाई 3.30 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित। | इंदौर | 414.78 | 414780/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWD RB _479277_1 | चित्तोडा गौशाला पहुंच मार्ग लम्बाई 2.00 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित। | इंदौर | 363.38 | 363380/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2026_PWD RB _479278 _1 | पंचोला जेल से मण्डोट मार्ग लम्बाई 3.30 किमी का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित। | इंदौर | 345.93 | 345930/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 07 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2026_PWD RB _479279_1 | बोडिया ईमा से मुरादपुरा कांकड मार्ग लम्बाई 1.30 किमी. का निर्माण कार्य यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित। | इंदौर | 200.67 | 200670/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2026_PWD RB _479280_1 | पीर कराडिया से इंदौर सिलोटिया मार्ग क्षिप्रा घाट लम्बाई 3.20 किमी. मार्ग का निर्माण कार्य मय यूटिलिटी शिफ्टिंग। | इंदौर | 380.04 | 3,80,040/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 08 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2026_PWD RB _479281_1 | एस.टी.एम.सी. के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. 02 इन्दौर में विभिन्न सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | इंदौर | 463.03 | 4,63,030/- | 15000/- | लो.नि.वि. में केन्द्रीकृत पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | योग | | | 3062.37 | | | | |

1. उपरोक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन पेमेंट करने के पश्चात बिड डॉक्यूमेंट क्रय किया जा सकता है।
2. बिड प्रस्तुत करते समय बिड प्रस्तुतकर्ता को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक है।1. बिड डॉक्यूमेंट की खरीदी का प्रमाण, 2. अरनेस्ट मनी जमा करने का प्रमाण, 3. पेन कार्ड 4. एफिडेविट 5. जी.एस.टी.एंन न 6. आधार कार्ड एवं रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र एवं अन्य विस्तृत जानकारी बिड डाटा शीट में देखी जा सकती है।
3. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की तिथि दिनांक 04.02.2026 सुबह 10.30 से दिनांक 16.02.2026 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार होगे भौतिक रूप से एफ.डी.आर. स्वीकार नहीं होगी ।
5. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन पेपर पब्लिकेशन में नहीं किया जाकर सिर्फ वेबसाईट पर ही किया जावेगा।

G-25414/25

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संभाग क्र. 2, इंदौर


# दादा - दादी की बारात में शामिल हुए नाती - पोते, 50 साल बाद फिर गूंजी शहनाई



**नवभारत न्यूज**
**बदरवास /कोलारस 6 फरवरी।** बदरवास के बारई बालाजी गार्डन में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। खान श्रीमती कल्पना और श्री बृजेश श्रीवास्तव की 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ बिल्कुल किसी नई शादी की तरह पारंपरिक रस्मों-रिवाजों के साथ मनाई गई।

शानदार बारात और आतिशबाजी इस खास अवसर को यादगार बनाने के लिए बकायदा शादी के कार्ड बांटे गए थे। समारोह की शुरुआत भव्य बारात के साथ हुई, जिसमें दूल्हे के रूप में बृजेश श्रीवास्तव बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ घोड़ी पर सवार होकर निकले। बालाजी गार्डन के संचालक और प्रेस क्लब के जिला उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव के बड़े भाई-भाभी के इस समारोह में शादी की सभी मुख्य रस्में निभाई गईं।

मुख्य रूप से धीरेंद्र जादौन महिला एवं बाल विकास विभाग जिला अधिकारी,नीरज सिंह गुर्जर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बदरवास,क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिक एवं प्रेस जगत से जुड़े लोग शामिल हुए।


## OFFICE OF THE NAGAR PANCHAYAT ARJUNDA, DISTT- BALOD (C.G.)
## NOTICE INVITING TENDER (1ST CALL)

Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
STSTEM TENDER NO.: 185170, NIT NO. 2011 Dated 04/02/2026

Online tender are invited by the Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat, Arjunda for the following work in Form "F" for lump Sum contract from the contractors registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD & e-Procurement System Portal (https://eproc.cgstate.gov.in) as per the 'key Dates' mentioned below. All other conditions for submission of tenders and criteria for prequalification etc. have been mentioned in the tender documents.

| SYSTEM TENDER No. | NAME OF WORK | PROBABLE AMOUNT OF CONTRACT | BID DUE DATE |
|---|---|---|---|
| 185170 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Arjunda under SBM 2.0 | 239.22 Lakh | Date: 26-02-2026 Time: 17:00 |

The tender documents containing detailed terms & conditions are available for free download on GoCG e-Procurement portal http://eproc.cgstate.gov.in through sub portal of Urban Administration & Development Department http://uad.cg.gov.in Bidders have to quote online their prices along with Technical and commercial bids in prescribed formats on the above mentioned portal only.

Chief Municipal Officer
Nagar Panchayat Arjunda